प्रशिक्षण एवं विकास इकाई
उ0 प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0
14 – अशोक मार्ग, शक्ति भवन, लखनऊ– 226001
CIN: U40101UP1980SGC005065

UPRVUNL

पत्रांकः 485/उनिलि/प्रशि0/समूह घ / 2021 दिनांक नवम्बर 25, 2021

निदेशक,
तापीय प्रशिक्षण संस्थान,
ओबरा ताप विद्युत गृह,
ओबरा, सोनभद्र।

विषय : निगम में कार्यरत परिचालकीय संवर्ग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को टी0जी0–।। पद पर प्रोन्नति से पूर्व 02 माह का प्रशिक्षण एवं प्रशिक्षणोंपरान्त परीक्षा में अनुत्तीर्ण रहे कार्मिकों को परीक्षा का द्वितीय अवसर प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

निगम में कार्यरत परिचालकीय संवर्ग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को टी0जी0–।। पद पर प्रोन्नति से पूर्व 02 माह का प्रशिक्षण एवं प्रशिक्षणोंपरान्त परीक्षा का आयोजन, तापीय प्रशिक्षण संस्थान ओबरा के पर्यवेक्षण में ओबरा, हरदुआगंज एवं पारीछा ताप विद्युत गृह पर कार्यालय ज्ञाप सं0 28/उनिलि/रिफार्म/विनियमः 179–179.9/2019 दिनांक 07.02.2019 (पताका–1) में उल्लिखित निर्देशो के अनुपालन में सम्पन्न करायी गयी। प्रशिक्षणोंपरान्त परीक्षा में उत्तीर्ण हुए कार्मिकों का परीक्षाफल कार्यालय ज्ञाप सं0 469/उनिलि/प्रशि0/समूह–घ/2021 दिनांक 08.11.2021 के द्वारा घोषित कर दिया गया। इस परीक्षा में (19+5) कुल 24 चतुर्थ श्रेणी कार्मिक अनुत्तीर्ण रहें।

अवगत कराना है कि संगत कार्यालय ज्ञाप सं0 28/उनिलि/रिफार्म/विनियमः 179–179.9/2019 दिनांक 07.02.2019 के बिन्दु सं0 (ब) (iii) में निम्नानुसार उल्लिखित है:–

" (iii) तथा बिन्दु संख्या–ब (i) व (ii) के अनुसार अर्हता प्राप्त कार्मिकों को निर्धारित 02 माह का प्रशिक्षण सन्तोषजनक रीति से पूर्ण कर प्रशिक्षण उपरान्त आयोजित परीक्षा उत्तीर्ण करना आवश्यक होगा। परीक्षा को उत्तीर्ण करने हेतु मात्र दो अवसर प्रदान किये जायेंगे। "

कार्यालय ज्ञाप सं0 28/उनिलि/रिफार्म/विनियमः 179–179.9/2019 दिनांक 07.02.2019 में उल्लिखित निर्देश के अनुपालन में उक्त परीक्षा में अनुत्तीर्ण रहे 24 चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों के लिए द्वितीय प्रयास की परीक्षा का आयोजन किया जाना है। अतः इस सम्बन्ध में सूचित करने हेतु निदेशित किया गया है कि उक्त परीक्षा में अनुत्तीर्ण रहें 24 कार्मिकों को परीक्षा की तैयारी हेतु पर्याप्त समय (कम से कम 01 माह) प्रदान करते हुए परीक्षा की तिथि निर्धारित की जाये तथा विषयगत परीक्षा का आयोजन शीघ्र कराया जाये।

उपरोक्त के क्रम में आपसे अनुरोध है कि प्रथम प्रयास में असफल रहें कार्मिकों हेतु द्वितीय प्रयास की परीक्षा की तिथि निर्धारित कर इस इकाई को सूचित करने की कृपा करें।

25.11.21
(पूनम मिश्रा)
अधिशासी अभियन्ता (प्रशि0)
O/C

पत्रांकः 485/उनिलि/प्रशि0/समूह घ/2021समदिनांकित
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निदेशक (का0प्रब0एवं प्रशा0) के स्टॉफ ऑफीसर, उनिलि, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
2. अध्यक्ष, उत्पादन सेवा आयोग, 10वाँ तल, उनिलि, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
3. मुख्य महाप्रबन्धक ओबरा ताप विद्युत ओबरा (सोनभद्र)।
4. अधीक्षण अभियन्ता, प्रशिक्षण एवं विकास इकाई, 9वाँ तल, उनिलि, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
5. कट फाइल।

25.11.21
(पूनम मिश्रा)
अधिशासी अभियन्ता (प्रशि0)
O/C